नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

श्रावस्ती, संवाददाता। अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को थाने लाकर जेल भेज दिया गया। आरोपी एक नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया।

कोतवाली भिनगा क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने 11 नवम्बर को कोतवाली में तहरीर देकर पुलिस को अवगत कराया था कि उसकी नाबालिग पुत्री 10 नवम्बर शाम को घर पर बिना किसी को बताए कहीं चली गई है। वह लापता है और तलाश की जा रही है। लेकिन सुराग नहीं लग रहा है। तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया और लड़की की तलाश शुरू की। रविवार

- लड़की को फुसलाकर भगा ले गया था
- रविवार को पुलिस ने लड़की को बरामद किया

को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर लड़की को मंगलभट्टा के पास से फिरोज अहमद पुत्र मो. फारूक निवासी ग्राम लक्षमन नगर थाना सोनवा के कब्जे से बरामद कर लिया। आरोपी के विरुद्ध अपहरण व दुष्कर्म की धारा की बढ़ोत्तरी में करते हुए जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक भानु प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक सुरेश कुमार साहनी, मुख्य आरक्षी तौसीफ खां, आरक्षी हरिश्याम यादव, महिला आरक्षी गुंजन शामिल रहीं।